प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

07.11.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

"मुख्य समाचार"

- केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने उर्जा, आवास व शहरी विकास मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर हिमाचल को हर सम्भव सहायता का दिया आश्वासन।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय उर्जा मंत्री के प्रदेश दौरे को बताया सार्थक पहल–भविष्य में सकारात्मक परिणामों की जताई उम्मीद।
- पांच जिलों के डीसी व एसपी का शिमला में सम्मेलन–मुख्यमंत्री ने पारदर्शिता व ईमानदारी से कार्य करने के दिए निर्देश।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा–प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का जल्द होगा गठन–पार्टी में गुटबाजी से किया इनकार।

बैठक

केन्द्र सरकार की उर्जा आवास व शहरी विकास मंत्रालय से जुड़ी हिमाचल प्रदेश की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आज शिमला में हुई। केन्द्रीय उर्जा, आवास व शहरी विकास मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित राज्य व केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बाद में केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए बताया कि उर्जा, आवास व शहरी विकास मंत्रालयों से जुड़ी हिमाचल की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बीबीएमबी में राज्य सरकार की अपने हिस्से की सात दशमलव एक नौ प्रतिशत की मांग पर मनोहर लाल ने कहा कि केन्द्र सरकार परियोजना से जुड़े अन्य राज्यों से चर्चा कर सर्वसम्मति से हल निकालेगी। उन्होंने कहा कि शानन जलविद्युत परियोजना के संबंध में केन्द्र सरकार कानून के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर अपना पक्ष न्यायालय में रखेगी और अदालत के फैसले के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने हरित उर्जा और आवास व शहरी विकास मंत्रालय से संबंधित परियोजनाओं में हिमाचल को हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बैठक में विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने प्रदेश दौरे के लिए केन्द्रीय उर्जा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस दौरे को सार्थक पहल बताया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उम्मीद जताई कि केन्द्रीय मंत्री के दौरे के भविष्य में सकारात्मक परिणाम आएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के लोगों को राज्य के जलसंसाधन पर उचित हिस्सेदारी मिलनी चाहिए और इस पर केन्द्रीय मंत्री ने लुहरी चरण एक, सुन्नी व धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर एस.जे.वी.एन. के अधिकारियों को अगले साल 15 जनवरी तक अंतिम प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र से उदार वित्तीय सहायता का आग्रह भी किया। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित स्वच्छ भारत पोषण, अमरूत, शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

चन्द्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कांगड़ा जिला के डगवार में प्रस्तावित मिल्क प्लांट के लिए चयनित भूमि का आज निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल में नई तकनीक से ढगवार में 3 सौ 50 करोड़ रूपए की लागत से पहला मिल्क प्लांट निर्मित किया जाएगा। चन्द्र कुमार ने कहा कि इसमें प्रारम्भिक तौर पर डेढ़ लाख लीटर दूध की खपत होगी जिससे पशुपालकों के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना, बिलासपुर, चंबा, किन्नौर और लाहौल–स्पीति जिलों के अधिकारियों को राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में आयोजित डीसी व एसपी सम्मेलन के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है और पारदर्शिता व ईमानदार कार्यप्रणाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों से शासन में सुधार के लिए सुझाव देने के अलावा सप्ताह में दो दिन अपने कार्यालयों में बैठकर जन शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'जिला सुशासन सूचकांक 2023–24' जारी किया और शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले कांगड़ा जिला को 50 लाख, दूसरे स्थान पर रहे बिलासपुर जिले को 35 लाख रुपये व तीसरे स्थान पर रहे हमीरपुर जिले को 25 लाख रुपये और प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि जल्द ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा। आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी में संगठन से जुड़े निष्ठावान और पार्टी की मजबूती के लिए अपना पूरा समय देने वाले कार्यकर्ताओं को अधिमान दिया जाएगा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन के बारे में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं से

विचार–विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उनके व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आग्रह पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ–साथ सभी ब्लॉक व जिला कार्यकारिणी को भंग किया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन को चुस्त दुरूस्त करने के लिए नई कार्यकारिणी के गठन की आवश्यकता पिछले लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाजी नहीं है और भाजपा के आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि वह एक व्यक्ति एक पद की पक्षधर हैं।

पठानिया

आस्ट्रेलिया के सिडनी में चल रहे 67वें राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विश्व समुदाय के जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित किया। सम्मेलन के दूसरे दिन के सत्र के लिए चयनित विषय पुलों का निर्माण–स्वदेशी लोगों के साथ सार्थक जुड़ाव के लिए संसदीय रूपरेखा पर अपने विचार व्यक्त किए। कुलदीप पठानिया ने कहा कि स्वदेशी लोगों के साथ जुड़ने के लिए मजबूत संसदीय ढांचे की स्थापना केवल नीतिगत समायोजन का मामला नहीं है बल्कि मान्यता, सम्मान और मेल–मिलाप में निहित एक गहन नैतिक और कानूनी अनिवार्यता है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज रिकांगपिओ में साडा की बैठक की अध्यक्षता की। राजस्व मंत्री ने साडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए और अधोसंरचना विकास कार्यो को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए ताकि साडा क्षेत्र में विकास को गति मिल सकें। बागवानी मंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे यातायात को सुचारू ढंग से नियंत्रित करे ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सकें।

कैंसर जागरूकता दिवस

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस है। कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल सात नवंबर को यह दिवस मनाया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2014 में इसकी शुरुआत की थी। कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से टांडा मैडिकल कॉलेज के रेडियोथैरेपी विभाग ने छात्रों, शिक्षकों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और समुदाय के सदस्यों के लिए एक प्रेरक कैंसर जागरूकता दिवस आयोजित किया। मैडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मिलाप शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और कैंसर से लड़ने में जागरूकता की भूमिका पर बल दिया। इस दौरान छात्रों के बीच कविता, नारा लेखन, पोस्टर मैकिंग और गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

''मुख्य समाचार एक बार फिर'

- केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने उर्जा, आवास व शहरी विकास मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर हिमाचल को हर सम्भव सहायता का दिया आश्वासन।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय उर्जा मंत्री के प्रदेश दौरे को बताया सार्थक पहल–भविष्य में सकारात्मक परिणामों की जताई उम्मीद।
- पांच जिलों के डीसी व एसपी का शिमला में सम्मेलन–मुख्यमंत्री ने पारदर्शिता व ईमानदारी से कार्य करने के दिए निर्देश।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा–प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का जल्द होगा गठन–पार्टी में गुटबाजी से किया इनकार।